हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 15.6 डिग्री

11 कोसली मंडी में गेहूं की भारी आवक, वेयरहाउस ने 39337 क्विंटल अनाज खरीदा



12 आने वाले समय में रेवाड़ी जिला औद्योगिक और स्वास्थ्य सेवाओं का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा: राव इंद्रजीत



### खबर संक्षेप

#### हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। थाना बावल पुलिस ने सड़क हादसे के बाद गत 23 मार्च को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के धनकली की झाणी निवासी देवीसहाय को गिरफ्तार किया है। उसके वाहन को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। थाना खोल पुलिस ने 4 अप्रैल को हादसे के बाद दर्ज किए गए केस में विकास नगर निवासी ईश्वर को गिरफ्तार किया है। उसकी इनोवा गाड़ी को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

#### आपसी विवाद में चार आरोपी किए काबू

**रेवाड़ी।** थाना बावल पुलिस ने आपसी विवाद में झगड़े की आशंका को देखते हुए दो पक्षों के चार लोगों को निवराक कार्रवाई के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत के आधार पर बातचीत के लिए दोनों पक्षों को थाने बुलाया था। उनके झगड़ा बढ़ने की आशंका को देखते हुए एक पक्ष के टांकड़ी निवासी बलवंत व दूसरे पक्ष के राजस्थान के गूगल कोटा निवासी जय चौहान, रामनिवास व हरीश को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों पक्षों को लोगों को जमानत पर छोड़ दिया गया।

#### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने मारपीट करने के मामले में धारण गांव के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अस्पताल में घायल उपचाराधीन व्यक्ति के बयान पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उसने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में धारण निवासी महेश और राजेश को गिरफ्तार कर लिया। मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

#### दहेज उत्पीड़न मामले एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और दहेज नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत मिलने के बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत के जरिए राजीनामा कराने के प्रयास किए थे। बात सिरे नहीं चढ़ने पर पुलिस ने गत वर्ष 14 दिसंबर को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के इसरखेड़ा निवासी अनुज चौहान को काबू कर लिया।

#### पोक्सो एक्ट के तहत एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** नाबालिग का यौन शोषण करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 1 अप्रैल को आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया किया था। पीड़िता का सामान्य अस्पताल से मेडिकल टेस्ट कराया गया था। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने महेंद्रगढ़ के एक गांव निवासी युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेजने के आदेए हुए। उसे एस्कोर्ट गार्द के हवाले कर दिया गया।

#### घर से बाजार गई युवती लापता

**कोसली।** क्षेत्र के एक गांव से एक युवती घर से बाजार जाने की कहकर लापता हो गई। युवती के पिता ने कोसली थाने में दी शिकायत में बताया कि उनकी 26 वर्षीय बेटी शनिवार को दोपहर घर से बाजार में किसी दुकान पर जाने की कहकर गई थी, लेकिन वह वापस घर नहीं आई। उन्होंने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं लग पाया। वह अपने साथ मोबाइल भी लेकर गई है।

*शहर की गलियों व मुख्य मार्गों से समय पर नहीं हो रहा कचरे का उठान*

# शहर में स्वच्छता स्लोगनों के नीचे ही लगे हुए गंदगी के ढेर, फिर कैसे जागरूक हो पब्लिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए शहर की एक दीवार पर लिखा गया 'साथी रे हाथ से हाथ मिलाना, गली-मोहल्ले में गंदगी न फैलाना', लेकिन स्लोगन के नीचे लगे गंदगी के ढेर में मुंह मारती गाएं... वर्तमान में शहर की सफाई व्यवस्था की हकीकत बयां कर रहे है। कचरा उठान व डोर-टू-डोर कचरा का करोड़ों का ठेका देने के बाद भी शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। उठान नहीं होने से शहर में ज्यादातर जगह स्वच्छता के लिखे स्लोगनों के पास भी गंदगी के ढेर नजर आ रहे है। ऐसे में पब्लिक को स्वच्छता के लिए जागरूक करना भी टेढ़ी खीर हो गया है। सभी वार्डो में सुचारू रुप से कचरे का उठान नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि सरकुलर रोड पर ही कई अनावश्यक कचरा प्वाइंट बन गए है। डंपिंग स्टेशनों का कचरा सड़क पर फैल रहा है। शहर की सड़कों पर रखे गए प्लास्टिक के डस्टबिनों के पास ही कचरा प्वाइंट बन गए है। डस्टबिनों के भर जाने पर सफाई न होने के कारण लोग सड़क पर कचरा डाल रहे है। नगर परिषद की ओर से शहर में 200 से अधिक डस्टबिन पार्को व मुख्य सड़कों पर रखे गए है ताकि सफाई व्यवस्था में सुधार हो सकें, लेकिन इन डस्टबिनों के पास ही सड़क पर कचरा फैल रहा है।



रेवाड़ी। अग्रसेन चौक स्थित कचरा डंपिंग स्टेशन खाली व बाहर डाला गया कचरा। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। गोल चक्कर मोहल्ले में दीवार पर लिखा स्वच्छता स्लोगन व नीचे लगा कचरे का ढेर।

**डस्टबिनों से बिगड़ रही सफाई व्यवस्था**

नगर परिषद की ओर से पिछले दिनों शहर के पार्को सहित मुख्य मार्गो पर गीले व सूखे कचरे के लिए प्लास्टिक के नए डस्टबिन रखे गए, लेकिन डस्टबिन रखने के बाद से इनकी देखरेख नहीं की जा रही है। ज्यादातर डस्टबिन कचरे से लबालब भरे हुए है। डस्टबिनों में जगह नहीं होने के कारण लोग पास में ही कचरा डालने लगे है, जिससे अनावश्यक कचरा प्वाइंट और भी बढ़ गए है। इसके अलावा शहर के गढ़ी बोलनी रोड, दिल्ली रोड, ब्रास मार्केट, कोनसीवास रोड, सेक्टर बाइपास, बारा हजाररी, नई आबादी व सरकुलर रोड सहित कॉलोनियों व मोहल्लों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए है।



रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर गर्ल्स स्कूल के सामने बना नया कचरा प्वाइंट।

**डंपिंग स्टेशनों पर गोवंश का जमावड़ा**

*शहर में बने हुए कचरा डंपिंग स्टेशनों से समय पर कचरे का उठान नहीं किया जा रहा है। मोहल्लों व कॉलोनियों का कचरा डंपिंग स्टेशन की हद से बाहर सड़क तक डाला जा रहा है। डंपिंग स्टेशनों के अंदर कचरा कम और बाहर सड़क पर ज्यादा नजर आ रहा है। इसके अलावा रही सही कसर गोवंश पूरी कर रहे है। डंपिंग स्टेशनों का कचरा फैलाकर अव्यवस्था करने में गोवंश भी कसर नहीं छोड़ रहे है। अग्रसेन चौक, सरकुलर रोड, राव तुलाराम पार्क के सामन व एमआरएफ सेंटर सहित कचरा डंपिंग प्वाइंटों पर पूरे दिन गोवंश का जमावड़ा लगा रहता है। कचरे का समय पर उठान नहीं होने के कारण आसपास रहने वाले व वहां से गुजरने वाले लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है।*

**ठेकेदार की व्यवस्थाएं अधूरी**

पांच साल के लिए 23.5 करोड़ का डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का ठेका लेने वाले ठेकेदार अभी तक पर्याप्त गाड़ियों व उपकरणों का इंतजाम तक नहीं कर पाया है, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था पर काफी असर पड़ पड़ रहा है। नगर परिषद की ओर से ठेका देने के बाद एजेंसी ने 9 फरवरी को कार्य शुरू किया था। नगर परिषद ने एजेंसी को गाड़ियों व उपकरणों की व्यवस्था करने के लिए 60 दिन का समय दिया हुआ है, जोकि 9 अप्रैल को पूरा होने वाला है, लेकिन एजेंसी की व्यवस्थाएं अभी तक अधूरी है।

■ हाल ही में रखे गए डस्टबिन भी कचरे से फुल, डस्टबिनों के पास ही कचरा डाल रहे लोग

*बाहरी हिस्से में लगी आग केमिकल तक नहीं पहुंची*

# केमिकल ड्रम से भरे ट्रक में लगी आग बड़ा हादसा टला, यातायात बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर रविवार की रात मुंबई से गाजियाबाद जा रहे केमिकल ड्रम व बैग से भरे ट्रक में आग लग गई। ट्रक के बाहरी हिस्से में लगी आग अंदर तक नहीं पहुंची, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। इस दौरान हाइवे के एक हिस्से पर यातायात बाधित रहा। मुंबई से केमिकल के ड्रम व बैग भरकर चला एक ट्रक रात को खेड़ा बार्डर पार करके निकला तो उसके बीच के हिस्से में टायरों के पास से धुआं निकलना शुरू हो गया। चालक ट्रक को साइड में लगाकर नीचे उतर गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। आसपास के लोग भी आग पर काबू पाने के लिए मौके पर पहुंच गए, लेकिन ट्रक में केमिकल भरा होने की बात सुनकर लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट कराया। इसी दौरान फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर जाक आग पर काबू पाया।





रेवाड़ी। हाइवे पर आग लगने से जला ट्रक का एक हिस्सा और ट्रक से उताए गए केमिकल के ड्रम। फोटो : हरिभूमि

**केमिकल ड्रम निकलवाए बाहर**

चालक की सूझबूझ से ट्रक के अंदर तक आग फैलने से पहले ही केमिकल के ड्रम और बैग बाहर निकाले गए। अगर आग केमिकल तक पहुंच जाती, तो इससे नेशनल हाइवे पर बड़ा हादसा हो सकता था। आग पर काबू पाए जाने के बाद ही आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। आग पर काबू पाए जाने के बाद ट्रक को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया गया। इस दौरान हाइवे पर वाहन चालकों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा।

## हैंडलूम के गोदाम में लगी आग से हजारों रुपये का सामान जला



रेवाड़ी। संघी का बास स्थित गोदाम में आग लगने से जला सामान। फोटो : हरिभूमि

*रेवाड़ी। मोहल्ला संघी का बास में सोमवार सुबह एक हैंडलूम के गोदाम में लगी आग से हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके जाकर आग पर काबू पाया। सिटी पुलिस आगजनी के कारणों की जांच कर रही है। मोहल्ले में दर्शन के नाम से हैंडलूम की दुकान और गोदाम है। गोदाम में दुकानदार के गद्दे रखे हुए थे। सुबह आसपास के लोगों ने गोदाम से धुआं उठता हुआ देख दुकानदार और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सिटी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि दुकानदार का आग से हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है।*

## गाड़ी खरीदने वालों के बाद बेचने वालों की तलाश, सीआईए की टीम कर रही छापेमारी

**रेवाड़ी।** पूर्व मंत्री जसवंत सिंह बावल की स्कॉर्पियो गाड़ी चोरी करने के मामले में दो खरीददारों की गिरफ्तारी के बाद सीआईए की टीम ने गाड़ी चोरी करने के आरोपियों को काबू करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। गत 28 मार्च की रात पूर्व मंत्री जसवंत सिंह बावल की नई स्कॉर्पियो गाड़ी शीशा तोड़कर चोरी कर ली गई थी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच करते हुए कोसली सीआईए की टीम ने राजस्थान के जिला फलोदी के गांव कानासर निवासी रिछपाल व जिला जोधपुर के गांव बुरचा हाल आबाद राजीव गांधी कालोनी जोधपुर निवासी सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी हुई गाड़ी बरामद कर ली गई। पूछताछ के दौरान सुरेंद्र ने बताया कि उसने अपने बेटे हिम्मत के साथ मिलकर यह गाड़ी 6 लाख रुपये में खरीदी थी। गाड़ी अवैध शराब का कारोबार करने के लिए खरीदी गई थी।



रेवाड़ी। चोरी की गाड़ी के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**हिम्मत की गिरफ्तारी से खुलेगा राज**


पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी से यह पता नहीं चल सका कि गाड़ी चोरी की वारदात को किसने अंजाम दिया था। हिम्मत की गिरफ्तारी के बाद इस बात का खुलासा हो सकेगा। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमों को संभावित ठिकानों पर दबिश देने के लिए रवाना किया गया है।

## ट्रक-बाइक की टक्कर से एक युवक की मौत, दूसरा घायल

■ हादसे के बाद ट्रक पलटने से नेशनल हाइवे पर लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

बनीपुर चौक के पास सोमवार सुबह डिवाडर पार करते समय बाइक दिल्ली की ओर से आ रहे ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक बचाने के चक्कर में ट्रक सड़क पर पलट गया, जिससे हादवे पर काफी देर तक जाम लगा रहा। बावल शहर निवासी लगभग 25 वर्षीय शिवा और सुधीर सुबह बाइक पर कहीं जा रहे थे। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर एक मोबाइल कंपनी के सामने बाइक डिवाइडर से पार कर दी गई। इससे दिल्ली की ओर से आ रहे ट्रक से बाइक टकरा गई। बाइक सवारों को बचाने के प्रयास में ट्रक भी पलट गया। शिवा और सुधीर दोनों बाइक से गिरने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए दोनों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने अस्पताल में शिवा को मृत घोषित कर दिया, जबकि सुधीर की हालत गंभीर बनी हुई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने ट्रक चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।



रेवाड़ी। हाइवे पर ट्रक पलटने से लगा जाम। फोटो : हरिभूमि

**हाइवे पर लगी वाहनों की लाइनें**

ट्रक पलटने के बाद नेशनल हाइवे का एक हिस्सा बाधित हो गया। वाहनों की लंबी लाइनें लगनी शुरू हो गईं। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। इस दौरान दिल्ली और जयपुर के बीच आवागमन करने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**मार्केट कमेटी का फैसला, 10 अप्रैल के बाद मौसम पूरी तरह साफ होने के आसार**

# आज मौसम में फिर बदलाव की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मंगलवार को एक बार फिर से मौसम में बदलाव आने की संभावना है। तेज आंधी के साथ हल्की बारिश का अनुमान लगाया जा रहा है। बारिश के साथ ओलावृष्टि से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। मौसम को देखते हुए मार्केट कमेटी ने 7 अप्रैल को फसलों की खरीद नहीं करने का निर्णय लिया है। किसानों को इस दिन मंडी में फसल नहीं लाने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग की ओर से मंगलवार को आंधी के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार को सुबह के समय आसमान साफ रहा। तेल धूप खिली रही। अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 34.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 0.9 डिग्री की गिरावट के साथ 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर बाद 18 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं, जबकि हवा में नमी का स्तर 35 फीसदी रहा। दोपहर बाद मौसम में एक बार फिर बदलाव आना शुरू हो गया। आसमान में बादल छाने शुरू हुए, जो शाम तक गहराने से बारिश या बूंदाबांदी की संभावना नजर आने लगी। मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने का असर मंगलवार को देखा जा सकता है। आसमान में गहरे बादलों के बीच हल्की से मध्यम तक बारिश हो सकती है। 40 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इस दौरान कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। अगले दो दिनों दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। 10 अप्रैल के बाद मौसम साफ हो सकता है, जिसके बाद तापमान में तेजी से वृद्धि दर्ज की जाएगी।



रेवाड़ी। अनाजमंडी में सरसों सुखाते हुए मजदूर। फोटो : हरिभूमि

**फसल निकालने पर किसानों का जोर**

गेहूं की कटाई का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। 80 फीसदी से अधिक गेहूं की कटाई होने का अनुमान है। किसानों ने पहले कटाई किया हुआ गेहूं निकालना शुरू कर दिया है। मौसम में बार-बार बदलाव से आशंकित किसान जल्द से जल्द फसलों को निकालकर घर या मंडी तक पहुंचाने में लगे हुए हैं। सरसों निकालने का कार्य भी साथ-साथ चल रहा है। अब अगर ज्यादा बारिश होती है, तो भीगने के कारण फसलों को काफी नुकसान हो सकता है।

**अनाजमंडी का अवकाश करने की घोषणा**

मार्केट कमेटी चेयरमैन अनिल सैनी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार आढ़तियों की मांग और मौसम खराब होने की आशंका को देखते हुए 7 अप्रैल को अनाजमंडी में अवकाश रखने का निर्णय लिया गया है। किसानों से अपील की गई है कि वह मंगलवार को अनाजमंडी में अपनी फसलें लेकर आने से बचें। मंडी में लगातार आवक बने रहने से व्यवस्था बिगड़ सकती है। मौसम खराब होने की सूरत में किसानों की फसल भीग सकती है।

#### अंबेडकर जयंती पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करेगी संस्था

**रेवाड़ी।** माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था की ओर से डा. भीमराव अंबेडकर जयंती पर आजाद नगर में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अन्य संगठन भी सहयोग करेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह होंग, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री डा. बनवारीलाल करेंगे। संस्था के प्रधान इंजीनियर बुद्धराम पंवार ने बताया की समारोह में शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। जिन विद्यार्थियों ने 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया जाएगा। यूपीएससी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों, नीट, क्लैट व आईआईटी में चयनित विद्यार्थियों और एमबीबीएस, एमडी व पीएचडी जैसी उच्च शिक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भीम अवॉर्ड से सम्मानित किया।

# सहेली



**विशेष**
विश्व स्वास्थ्य दिवस

महिलाएं परिवार की देखभाल में ऐसी खो जाती हैं कि स्वयं पर उनका ध्यान जाता ही नहीं। ऐसी स्थिति में उनका स्वास्थ्य गिरता जाता है, वे बीमार हो जाती हैं। परिवार के सदस्यों की देखभाल के साथ अपना ध्यान रखना भी जरूरी है। इसीलिए इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम है-टूगेदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस। हम प्रैक्टिकल और साइंटिफिक सोच अपना कर स्वयं और पूरे परिवार को स्वस्थ रख सकते हैं।

## अपनों को संभालते हुए स्त्रियां खुद को भी संभालें

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

सेहत को जीवन का सबसे बड़ा धन कहा गया है। अच्छे स्वास्थ्य से ही क्वालिटी ऑफ लाइफ को आंका जाता है। हेल्थ प्रॉब्लम्स की दस्तक ही जीवन को हर फ्रंट पर मुश्किल बना देती हैं। यूं तो हर इंसान का ही मेंटली, इमोशनली और फिजिकली फिट रहना आवश्यक है, पर महिलाओं का शारीरिक रूप से स्वस्थ और भावनात्मक मोर्चे पर मजबूत होना और भी जरूरी है। उनके हिस्से अपनों की देखभाल का जिम्मा भी होता है। स्त्रियों को घर के बच्चों-बुजुर्गों की केयर से जुड़ी भाग-दौड़ करनी होती है। महिलाओं को ही शारीरिक परेशानी या मानसिक उलझनों से जूझते हुए अपनों की हर जरूरत का ख्याल रखना होता है। बावजूद इसके स्त्रियां अपने ही स्वास्थ्य को दोयम दर्जे पर रखती हैं, जबकि उन्हें अपनों को संभालते हुए खुद को भी संभालना चाहिए।



### साइंटिफिक अप्रोच अपनाएं

महिलाएं अपनों को लेकर बहुत भावुक होती हैं। घर के बड़े-बुजुर्ग हों या बच्चे-युवा, सबकी केयर में खुद की अनदेखी करती रहती हैं। व्यस्तता की स्थिति में महिलाओं की हेल्थ बिगड़ती है। ऐसे में महिलाएं स्वास्थ्य के मामले में इमोशन फीलिंग्स की बजाय साइंटिफिक अप्रोच को अपनाएं। यह स्पष्ट रूप से समझ लें कि हर इंसान का शरीर एक बायोलॉजिकल मशीन ही है। महिला-पुरुष के फर्क से परे इसे हर हाल में देखभाल की जरूरत होती है। गौरतलब है कि इस साल वर्ल्ड हेल्थ-डे की थीम भी 'टूगेदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस' ही है। यह विषय स्वास्थ्य से संबंधित चीजों को साइंटिफिक सोच के साथ समझने का आह्वान करता है। इसीलिए सेहत संभालने के लिए घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ ही, हेल्थ से जुड़े फैक्ट्स और साइंस आधारित गाइडलाइंस को भी फॉलो करें। प्रैक्टिकली देखा जाए तो इस वर्ष की थीम, भावनाओं में बहने के बजाय वैज्ञानिक समझ से जोड़कर अपनों और अपनी देखभाल की संतुलित समझ रखने की बात लिए है। परिवार में किसी के बीमार होने पर डॉक्टर्स भी तो यही कहते हैं कि मरीज की देख-भाल के साथ-साथ महिलाएं खुद की सेहत का भी ध्यान रखें। महिलाओं को ठीक रहना, सब कुछ ठीक से संभालने की पहली शर्त है।



### संतुलित लाइफस्टाइल चुनें

घर-परिवार के कामों की व्यस्तता के बीच कई महिलाएं कठिन व्रत, उपवास करती हैं तो कई सुबह-सुबह की भागदौड़ में नाश्ता तक नहीं कर पातीं। बहुत-सी कामकाजी महिलाएं घर और वर्कप्लेस, दोनों की जिम्मेदारियां साधती हैं। लेकिन उन्हें अपनी संभाल की सुध नहीं रहती। आज भी महिलाएं त्योहारों, बच्चों के एग्जाम्स, अपनों की हारी-बीमारी और सामाजिक-पारिवारिक आयोजनों में खुद को पूरी तरह भुला देती हैं। ध्यान रहे, समय गुजर जाता है लेकिन आपका शरीर, मन-मस्तिष्क हर तरह की अनदेखी को याद रखता है। यह आम-सी अनदेखी बड़ी बीमारियों की जड़ बन जाती है। आज के समय में सही समय पर भोजन न करना, बड़ी उम्र की महिलाओं में ही नहीं, युवतियों में भी डाइजेशन और एसिडिटी की तकलीफ का बड़ा कारण है। साथ ही घर-दफ्तर की भाग-दौड़ में स्त्रियां एक्सरसाइज के लिए भी समय नहीं निकाल पातीं। हाउसवाइव्स तो घर के काम को ही कसरत समझती हैं। जबकि कुछ वक्त निकालकर योग, कसरत, ध्यान और प्राणायाम करना हेल्थ सही रखने के लिए बेहद जरूरी है। देखने में आता है कि आराम करने, ताजा भोजन करने और फिजिकल एक्टिविटी करने के लिए घर के दूसरे सदस्यों को प्रोत्साहित करने वाली स्त्रियां खुद इन आम सी बातों को भी नहीं अपनातीं। जबकि आज की जटिल जीवनशैली में तो बैलेंस्ड लाइफस्टाइल अपनाना सभी के लिए आवश्यक हो चला है।



### भावनात्मक सेहत की संभाल

स्त्रीमन को अपराधबोध भी बहुत जल्दी घेरता है। अपनों की देखभाल में जरा-सी चूक होना उन्हें गिल्ट के घेरे में ले आता है। ऐसी मनःस्थिति हार्मोनल चेंज की बड़ी वजह बनती है। कई घरों में उनकी संभाल-देखभाल की भागीदारी के लिए सराहना के दो शब्द तक नहीं कहे जाते। जिसके चलते वे उपेक्षित और कमतर महसूस करती हैं। अपनों का यह बर्ताव भी मनोभावों पर नेगेटिव असर डालता है। मन की हेल्थ पर दुष्प्रभाव डालने वाली ऐसी बातें बहुत से साइंटिफिक रिसर्च में भी सामने आ चुकी हैं। इतना ही नहीं, थका-उलझा सा मन शरीर को भी बीमार बना देता है। हर पल की चिंता दिल की सेहत भी बिगाड़ती है। हर दिन अपनी जिम्मेदारियां निभाने की भाग-दौड़ से महिलाएं अच्छी नींद भी नहीं ले पातीं। इससे ना सिर्फ तनाव और अवसाद बढ़ता है बल्कि नींद की कमी तो हेल्थ के हर पहलू को प्रभावित करती है। कई महिलाओं को रिश्तों की उलझनें, डिलीवरी में देखभाल की कमी और परिजनों के नेगेटिव कमेंट्स भी गहरा मेंटल ट्रॉमा देते हैं। ऐसे में वे इमोशनल विदड्रॉल का शिकार हो जाती हैं। भावनात्मक अलगाव की इस मनोस्थिति में स्त्रियां अपने इमोशंस को शेयर करना छोड़ देती हैं। इससे उन्हें अकेलापन और डिप्रेशन घेर लेते हैं। इसीलिए महिलाओं का अपनी इमोशनल सेहत की केयर करना भी जरूरी है। इसलिए प्रैक्टिकल और साइंटिफिक सोच अपनाएं और स्वस्थ रहें।

## मन का सुकून छीनती मास्किंग

सोशल स्टेटस मेंटेन करने का दबाव लोगों को ऐसी इमेज के साथ जीने के लिए बाध्य करने लगता है, जो वे वास्तव में होते ही नहीं हैं। इस तरह फेक इमेज यानी मास्किंग के साथ जीने से मन-जीवन का सुकून खोने लगता है।

लाइफस्टाइल
चैतन्या



हाल के वर्षों में वर्चुअल वर्ल्ड में ही नहीं, असली दुनिया में भी अपनी एक अलग सी छवि पेश करने का दबाव देखने को मिल रहा है। बहुत सी महिलाएं इमेज मेकिंग के इस फेर में एक मुखौटा पहने रहती हैं। इस बनावटी छवि के कारण तनाव भी झेलती हैं। सोशल कैमॉफ्लाजिंग की यह आदत आगे चलकर खुद को ही धोखा देने की स्थितियां बना देती है। इसी को मास्किंग कहा जाता है।

**मास्किंग के दुष्प्रभाव:** असल में औरों के मुताबिक ढल जाने की इस कोशिश में यह समझना आवश्यक कि मास्किंग से स्ट्रेस, डिप्रेशन और दूसरों से अपनी तुलना करने की नेगेटिव सोच जड़ें जमा लेती है। जो हर तरह से आपके व्यक्तित्व को नुकसान पहुंचाती है। मन का सुकून छीनती है। हर उम्र की महिलाओं को समझना चाहिए कि दूसरों को छलने वाली मास्किंग असल में अपने आपके साथ भी फरेब करने वाला व्यवहार बन जाता है।



**सहज इमोशंस की अनदेखी:** मास्किंग, कहीं ना कहीं अपनी सहज भावनाओं को दबा देने वाला बर्ताव है। वही कहना जो कोई सुनना चाहे। वैसा ही व्यवहार करना, जो दूसरों के मन भाए। उसी तरह से रहना-जीना, जो दूसरों को अच्छा लगे। यह सब सोशल कैमॉफ्लाजिंग का ही हिस्सा है। इसी के चलते सामाजिक दबाव के कारण बनने वाली यह मास्किंग की आदत वास्तविक व्यक्तित्व ही भुला देती है। सेल्फ अवेयरनेस के बिना खुद का अस्तित्व अधूरा सा हो जाता है। दूसरों की स्वीकार्यता पाने की सोच अपने सहज व्यवहार से दूर कर देती है। सच्चे इमोशंस को जताने की हिम्मत छीन लेती है। समझना जरूरी है कि सहज भावनाओं को छिपाने के पीछे डर का एक अनदेखा सा घेरा होता है। बावजूद इसके कई महिलाएं मास्किंग के आवरण को चुनती हैं। खुद को परफेक्ट दिखाने के लिए पहना जा रहा यह मुखौटा सबसे अधिक भावनात्मक मोर्चे पर ही चोट करता है।

**नकली इमेज का घेरा:** दूसरों की खुशी देने के लिए नकली इमेज के फेर में पड़ना सचमुच एक गलत च्वाइस है। अपने हों या पराए, उनकी नजर में स्वीकार्यता पाने के लिए जानबूझकर डेवलप की गई मास्किंग क्षमता, असल में आपको अक्षम बना देती है। इसीलिए सोशलाइजेशन का जो दायरा आपके मन पर दिखावटी-बनावटी बने रहने का दबाव बनाता हो, उससे दूरी ही भली है। सामाजिक अपेक्षाओं के अनुरूप पूरी तरह से बदल जाना अपने व्यक्तिगत भावों की अनदेखी ही तो है। जो सीधे-सीधे आपकी अवास्तविक छवि बनाने वाला बर्ताव है। यह नकली इमेज मन को थकाने वाली होती है। मस्तिष्क को असहज रखती है। कुछ खोने की एंगजाइटी हर समय घेरे रहती है। कोई गलती पकड़े जाने की चिंता सताती रहती है। दिल और दिमाग बेवजह अलर्ट मोड में रहने लगते हैं। जिसके खामियाजे आपको हर पहलू पर झेलने पड़ते हैं। आवश्यक है कि इस फेक इमेज के घेरे में आने की सोच से भी दूर रहा जाए।

**हेल्थ पर दुष्प्रभाव:** जब आप असली विचार या भावनाएं साझा करना छोड़ देती हैं तो दिलो-दिमाग पर गहरा असर पड़ता है। इसीलिए सामाजिक आयोजन हों, पारिवारिक मेल-मिलाप या कामकाजी संसार की जिम्मेदारियां। हर जगह, हर मामले में अपने विचार और रिएक्शंस देने की आदत रखनी चाहिए। आखिर कोई कितनी देर औरों के मुताबिक रह सकता है? खुद को अपने ही असली व्यक्तित्व से अलग प्रस्तुत करना बहुत असुविधाजनक होता है। देखने में आता है कि बहुत सी महिलाएं लंबे समय तक मास्किंग करने से बर्नआउट का भी शिकार हो जाती हैं। जिससे बेवजह की थकान, स्ट्रेस, डिप्रेशन और घबराहट का सामना करती हैं। दूसरों की स्वीकार्यता और प्रशंसा के फेर में अपनी रोजमर्रा की एक्टिविटीज से दूर हो जाती है। आम जीवन में सब कुछ औरों के मुताबिक ना तो किया जा सकता है और ना ही यह करना सही है। यह स्थिति शारीरिक और मानसिक सेहत को बहुत नुकसान पहुंचाती है। इसीलिए मास्किंग छोड़िए और मन का सुकून चुनिए।

अपने बच्चों के सामने पैसे की कमी का रोना सही नहीं है। इससे वे मनी एंग्जायटी का शिकार हो सकते हैं। कहीं आप भी तो अंजाने में ऐसा नहीं करतीं, इससे कैसे बचें, जानिए।

## अपने बच्चों को न बनाएं मनी एंग्जायटी का शिकार



बच्चे और आप
शिखर चंद जैन

बारह वर्षीय संजना ने अपने पड़ोस में रहने वाले नौ वर्षीय रितेश से पूछा, 'मैंने ऑनलाइन ऑर्डर देकर बहुत अच्छे कलर्स और आर्ट-क्राफ्ट का बॉक्स मंगवाया है केवल 250 में। तेरे लिए भी मंगवा दूं?' इस पर रितेश ने उदास होकर कहा, 'नहीं दीदी, अभी हम लोगों की फाइनेंसियल कंडीशन ठीक नहीं है।' संजना घर जाकर अपनी मम्मी से यह बात बताई। उसकी मम्मी अनुष्का और रितेश की मम्मी देविका अच्छी फ्रेंड हैं। अनुष्का उसी समय देविका के घर गई। उसने पूछा, 'देविका तुम्हारे हस्बैंड जॉब तो कर रहे हैं ना? किसी तरह की कोई परेशानी तो नहीं? किसी प्रकार की फाइनेंसियल हेल्प चाहिए तो बोल देना।' यह सुनकर देविका को हैरानी हुई। उसने कहा, 'अरे नहीं, ऐसी कोई दिक्कत की बात नहीं है, पर तुम ऐसा क्यों पूछ रही हो?' इस पर अनुष्का ने संजना और रितेश के बीच हुई बातचीत के बारे में उसे बताया। देविका समझ गई कि रितेश ने ऐसा क्यों कहा होगा।



वह मन ही मन शर्मिंदा हुई। लेकिन बात संभालते बोली, 'अरे बच्चा है, उसमें इतनी समझ कहां?'

असल में देविका और उसके पति ने अनजाने में रितेश को मनी एंग्जायटी का शिकार बना दिया था। कहीं आप भी तो नहीं करती ऐसी गलतियां, जो देविका और उसके पति ने की?

**बच्चे के सामने ना करें पैसे को लेकर झगड़ा:** कुछ पति-पत्नी बच्चों के सामने ही एक-दूसरे को फिजूलखर्च, कमाई में ठीक से ध्यान ना देना और बचत पर ध्यान ना देने जैसे आरोप लगाते हुए झगड़ते हैं। मम्मी-पापा के बीच पैसों को लेकर ऐसी खींचतान और बहस से बच्चा घबरा जाता है। उसे लगता है कि मम्मी-पापा के पास पैसे नहीं है, इसीलिए उनका झगड़ा होता है। अगर आपको ऐसे इश्यूज पर डिस्कशन करना ही है तो बच्चे के सामने कभी न करें।

**पैसे की कमी की चिंता:** माना कि तरह-तरह की फाइनेंसियल इमरजेंसी पर विचार-विमर्श करना, उनके बारे में चिंता रखना और अपनी वित्तीय स्थिति का आकलन करना जरूरी है। लेकिन इसका भी एक तरीका होता है। जब आप बच्चों के सामने ऐसा कुछ कहते हैं कि 'भगवान ना करें कल को बीमारी आ जाए या नौकरी चली जाए तो हम तो दाने-दाने को मोहताज हो जाएंगे।' तो बच्चे का सहम जाना स्वाभाविक ही है। ये बातें पॉजिटिव तरीके से या बच्चे की अनुपस्थिति में भी डिस्कस की जा सकती हैं।

**आचरण-बातचीत में अंतर:** कई बार माता-पिता अपने बच्चों की किसी भी डिमांड पर हाथ की तंगी, रोजगार में गड़बड़ी आदि की बातें कह देते हैं। बच्चा मन मसोसकर रह जाता है। लेकिन जब बच्चा देखता है कि उसके खिलौने या गैजेट की बात को नकारने के अगले ही दिन घर में कोई महंगा उपकरण आया है। पापा या मम्मी के लिए स्मार्ट फोन आया है, गहनों की खरीद हुई है। तो बच्चा यह देखकर अपनी उपेक्षा समझ कर उदास हो जाता है। पैरेंट्स को अपने आचरण और बातचीत में ऐसा अंतर हरगिज नहीं करना चाहिए।

मेकअप
सरिता गुप्ता

## सेटिंग स्प्रे से आपका मेकअप रहेगा लॉन्ग लास्टिंग

मेकअप करने के बाद उसे लंबे समय तक टिकाने के लिए मेकअप स्प्रे का उपयोग किया जाता है। इसे आमतौर पर सेटिंग स्प्रे कहा जाता है। यह मेकअप को अच्छी तरह सेट कर देता है, जिससे मेकअप जल्दी खराब नहीं होता और चेहरा लंबे समय तक अट्रैक्टिव दिखाई देता है। आजकल अधिकतर महिलाएं मेकअप के बाद इस स्प्रे का इस्तेमाल करती हैं। इस बारे में कुछ यूजफुल सजेशंस।

**कैसे करें अप्लाई:** मेकअप स्प्रे का इस्तेमाल करना बहुत आसान है। सबसे पहले अपना पूरा मेकअप कर लें जैसे फाउंडेशन, कॉम्पैक्ट पावडर, ब्लश, आई मेकअप और लिपस्टिक। जब मेकअप पूरी तरह हो जाए, तब अंत में मेकअप स्प्रे का इस्तेमाल करें। स्प्रे लगाने से पहले बोतल को हल्का-सा हिला लें ताकि उसमें मौजूद सभी तत्व अच्छी तरह मिल जाएं। इसके बाद स्प्रे को चेहरे से लगभग 8 से 10 इंच की दूरी पर रखें और हल्के-हल्के पूरे चेहरे पर स्प्रे करें। स्प्रे करते समय आंखें बंद रखें। स्प्रे लगाने के बाद चेहरे को हाथ से न छुएं और उसे अपने आप सूखने दें। इससे मेकअप अच्छे से सेट हो जाता है और चेहरा ज्यादा स्मूद और नेचुरल दिखाई देता है।





**किसे करना चाहिए स्प्रे का यूज:** मेकअप स्प्रे का उपयोग सभी महिलाएं कर सकती हैं, लेकिन कुछ महिलाओं के लिए यह ज्यादा फायदेमंद होता है। जिन महिलाओं को लंबे समय तक मेकअप रखना पड़ता है, जैसे ऑफिस, पार्टी या शादी-समारोह में जाना होता है, उनके लिए मेकअप स्प्रे बहुत उपयोगी होता है। इसके अलावा जिनकी स्किन ऑयली होती है और जिनका मेकअप जल्दी फैल जाता है, वे भी मेकअप स्प्रे का इस्तेमाल कर सकती हैं। गर्मियों के मौसम में भी मेकअप जल्दी खराब हो जाता है, इसलिए इस मौसम में मेकअप स्प्रे काफी मदद करता है। ब्राइडल मेकअप या हैवी मेकअप करने वाली महिलाओं के लिए भी यह बहुत अच्छा विकल्प है।

**मेकअप स्प्रे के फायदे:** यह मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखता है।

- इससे मेकअप जल्दी खराब नहीं होता और बार-बार टच-अप करने की जरूरत भी कम पड़ती है।
- सेटिंग स्प्रे आपके चेहरे को फ्रेश और ग्लोइंग लुक देता है।
- कई बार पावडर या फाउंडेशन लगाने के बाद चेहरा थोड़ा पावडरी दिखाई देता है, लेकिन मेकअप स्प्रे लगाने से यह समस्या कम हो जाती है और मेकअप ज्यादा नेचुरल लगता है।
- यह पसीने और नमी के कारण मेकअप को फैलने से भी बचाता है। कुछ मेकअप स्प्रे, स्किन को हल्की नमी भी देते हैं, जिससे चेहरा सूखा नहीं लगता।

कुल मिलाकर कह सकते हैं कि मेकअप स्प्रे मेकअप को लंबे समय तक टिकाने और चेहरे को फ्रेश बनाए रखने में बहुत मदद करता है। अगर आप चाहती हैं कि आपका मेकअप पूरे दिन सुंदर और साफ दिखाई दे, तो मेकअप के बाद मेकअप स्प्रे का उपयोग जरूर करें।

**(मेकअप आर्टिस्ट मीनाक्षी खन्ना से बातचीत पर आधारित)**

प्रिकॉशन
डॉ. ज्योति गुप्ता
सीनियर आईवीएफ कंसल्टेंट
मदरहुड फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, गुरुग्राम

वर्कआउट करना फिटनेस के लिए बहुत जरूरी है। लेकिन कुछ महिलाएं फिट रहने के लिए हार्ड वर्कआउट रूटीन फॉलो करती हैं। इससे फर्टिलिटी पर बुरा असर पड़ सकता है। इस बारे में कॉन्शस रहना जरूरी है।

## क्या ओवर वर्कआउट से फर्टिलिटी होती है प्रभावित

आजकल फिटनेस के बारे में लोगों में काफी जागरूकता बढ़ गई है। खासकर यंग पुरुषों और महिलाओं के बीच फिटनेस का चलन तेजी से बढ़ रहा है। फिट रहने और वेट कंट्रोल के लिए नियमित व्यायाम करना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। लेकिन कुछ महिलाएं वजन जल्दी कम करने के लिए या स्लिम दिखने के लिए जरूरत से ज्यादा व्यायाम करती हैं।

**ज्यादा एक्सरसाइज है हार्मफुल:** महिलाओं को यह समझना जरूरी है कि अगर व्यायाम बहुत ज्यादा किया जाए या बहुत कम खाना खाया जाए, तो शरीर में हार्मोन का संतुलन बिगड़ सकता है। इससे आगे चलकर प्रजनन क्षमता यानी गर्भधारण करने की क्षमता पर असर पड़ सकता है। इसलिए महिलाओं को अपने शरीर के अनुसार डाइट और व्यायाम करना चाहिए और इसके लिए विशेषज्ञ की सलाह लेना काफी जरूरी है।



**फर्टिलिटी पर पड़ता है असर:** कुछ महिलाएं जल्दी वजन कम करने के लिए क्रैश डाइट, फैड डाइट, लिक्विड डाइट, इंटरमिटेंट फास्टिंग या कीटो डाइट जैसी डाइट अपनाती हैं। जब बहुत कम कैलोरी वाली डाइट के साथ बहुत ज्यादा व्यायाम किया जाता है, तो शरीर में ऊर्जा की कमी हो सकती है। इससे प्रजनन से जुड़े हार्मोन और ओव्यूलेशन यानी अंडाणु बनने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। जब शरीर पर बहुत ज्यादा शारीरिक दबाव पड़ता है, तो इसका असर हार्मोन, मासिक धर्म, ओव्यूलेशन और गर्भधारण की क्षमता पर पड़ सकता है।

**डॉक्टर से करें कंसल्ट:** जो महिलाएं बहुत ज्यादा या कठोर वर्कआउट करती हैं, उन्हें गर्भधारण करने में परेशानी हो सकती है। हालांकि हर महिला को ऐसी समस्या नहीं होती। फिर भी किसी तरह की सख्त डाइट या फिटनेस रुटीन अपनाने से पहले विशेषज्ञ से सलाह लेना जरूरी है, ताकि यह समझा जा सके कि आपके शरीर के लिए क्या सही है।



**फर्टिलिटी को ऐसे रखें हेल्दी:** महिलाओं को फिट रहने के लिए मध्यम स्तर का व्यायाम करना चाहिए, जैसे वॉक करना, योग करना या हल्की स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करना। पर्याप्त कैलोरी, प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स लेना भी बहुत जरूरी है। अगर किसी महिला के पीरियड्स अनियमित हो जाएं तो डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। जो महिलाएं गर्भधारण की योजना बना रही हैं, उन्हें डॉक्टर से सलाह लेकर ही अपना फिटनेस रुटीन और वजन नियंत्रित करना चाहिए। डॉक्टर उन्हें यह बता सकते हैं कि उनके लिए कितना व्यायाम सुरक्षित है। इससे उनकी प्रजनन क्षमता भी सुरक्षित बनी रह सकती है।

प्रस्तुति: सहेली फीचर्स

## खबर संक्षेप

### 9 से 23 तक मनाया जाएगा पोषण पखवाड़ा

**रेवाड़ी।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिले में 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 8वें पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष के अभियान का थीम जीवन के पहले 6 वर्षों में बच्चों के मानसिक विकास को प्राथमिकता देना है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य परिवारों और समुदायों के बीच उन प्रथाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि अभियान के दौरान माता और बाल पोषण, मस्तिष्क विकास के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन, बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करने में माता-पिता और समुदाय की भूमिका व आंगनबाड़ियों को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### सड़क हादसे में सब्जी विक्रेता की जान गई

**महेंद्रगढ़।** सब्जी बेचने को काम करने वाले गांव नूनी अव्वल के एक युवक को रविवार रात्रि को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। नूनी अव्वल निवासी करीब 37 वर्षीय बंटी महेंद्रगढ़ में सब्जी बेचने का काम करता था। बीते रोज जब वह सब्जी बेचकर मोटरसाइकिल से गांव की ओर लौट रहा था। तब गुलावला बस स्टैंड के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

### 6 आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी माल बरामदगी में पुलिस खाली हाथ

# चोरी का बेचा सामान, पैसे से बनाई मॉड्यूल किचन, रिकवरी बनी सिरदर्द

**बीते साल मई और जुलाई माह में राजस्थान की विख्यात गुलेल गैंग ने दो घरों से लाखों के जेवरात व नकदी पर किया था हाथ साफ**

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

बीते साल मई और जुलाई माह में दो घरों में हुई लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी सहित चोरी के अन्य मामलों में गिरफ्तार किए गए राजस्थान की विख्यात 'गुलेल गैंग' के सदस्यों से पुलिस चोरी किया गया सामान रिकवर कराने में अभी तक नाकाम साबित हुई है। चोर गिरोह की सरगना काली लाखों रुपये के माल पर हाथ साफ करने के बाद जेवरात बेचकर लगभग 25 लाख रुपये से घर में मॉड्यूल किचन का निर्माण करा चुकी है। जेवरात की खरीद करने वाले सुनार की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

खोल थाना अंतगर्त जैनाबाद और निमोठ गांव में बीते वर्ष चोरी के दो बड़े मामले सामने आए थे। जैनाबाद निवासी प्रदीप ने पुलिस शिकायत में बताया था कि उसकी मां अस्पताल में दाखिल थी। उसका पूरा परिवार अस्पताल में था। 28 मई की रात चोर उसके घर के ताले तोड़कर सूटकेश चोरी कर ले गए थे। सूटकेश में तीन-चार तौला सोने के व 1.5 किलोग्राम चांदी, एक लाख रुपये थे। चोर उसके घर से 10 किलोग्राम देशी घी व दो महंगी यूनिफॉर्म भी चोरी कर ले गए थे। थाना खोल पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया था। निमोठ गांव में 15 जुलाई की रात ललित के बंद मकान के ताले तोड़कर चोर 25 लाख रुपये के जेवरात और लगभग 2 लाख रुपये नकदी चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने उसकी शिकायत पर भी केस दर्ज करने के बाद गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच शुरू की थी।



रेवाड़ी। जैनाबाद में प्रदीप का वह मकान जिसमें चोरी की वारदात हुई थी।

#### भिवानी से गिरफ्तार किए गए आरोपी

चोरी के इन मामलों की जांच कोसली सीआईए ने शुरू की थी। बीते दिनों सीआईए ने राजस्थान में गुलेल गैंग के नाम से मशहूर चोर गिरोह की सरगना महेंद्रगढ़ के पड़तल निवासी संतरा उर्फ काली को दो अन्य आरोपियों सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। बाद में झज्जर के बहू निवासी अजीत व भिवानी निवासी नरेन्द्र को भी गिरफ्तार किया गया था। सीआईए ने इस मामले में अभी तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रिमांड पर लेकर पूछताछ के दौरान आरोपियों से इन दोनों चोरियों सहित अन्य चोरियों का भी खुलासा हुआ।

#### अभी अन्य आरोपियों की तलाश जारी



चोर गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी व पूछताछ के बाद कुछ अन्य आरोपियों के नाम भी सामने आए हैं। इस मामले में कुछ और लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास जारी हैं। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही चोरी का सामान बरामद होने की उम्मीद है।

-सुरेंद्र श्योराण, डीएसपी।

#### सीआईए के चक्कर लगा रहे दोनों पीड़ित

प्रदीप के पिता इकेंद्र कुमार व ललित ने बताया कि चोरी के आरोपियों को पकड़े जाने के बाद बरामद किए गए सामान की पहचान के लिए सीआईए ने उन्हें बुलाया भी था, लेकिन पकड़ा गया सामान काफी कम था। अब वह चोरी हुए सामान की बरामदगी के लिए बार-बार सीआईए के चक्कर लगा रहे हैं, परंतु उन्हें स्पष्ट रूप से कुछ भी नहीं बताया जा रहा है। ऐसे में उन्हें परेशानी का सामना ही करना पड़ रहा है।

#### रिमांड के बावजूद ज्यादा कुछ नहीं मिला

पुलिस ने आरोपियों से कड़ी पूछताछ की। पुलिस सूत्रों के अनुसार पूछताछ के दौरान काली ने चोरी किए गए गहने खरीदने वाले दुकानदार का नाम भी पुलिस को बता दिया। इससे पहले ही सुनार फरार होने में कामयाब हो चुका था। काली ने यह भी बताया कि चोरी के गहने बेचने के बाद उसने अपने घर में आधुनिक किचन का निर्माण करा लिया, जिस पर लगभग 25 लाख रुपये खर्च हो गए। आरोपियों के पास चोरी का सामान नहीं मिलने के कारण पुलिस को रिकवरी करने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

### नई व्यवस्था के बाद जिले में हुई 9747 रजिस्ट्रियां

# ऑनलाइन रजिस्ट्री का आवेदन रद्द करने से पहले जांच लें अधिकारीः डीसी



रेवाड़ी। राजस्व विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

- अधिकारियों ने रजिस्ट्रियों के 500 आवेदन किए रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि ऑनलाइन रजिस्ट्री कराने में आम नागरिकों को किसी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए। ऑनलाइन जमीन की रजिस्ट्री कराने का कोई आवेदन अस्वीकृत किया जाता है तो उसके लिए कोई ठोस व वाजिब कारण होना चाहिए। डीसी मीणा सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में राजस्व विभाग की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा हरियाणा सरकार द्वारा लागू की गई नई व्यवस्था के अनुसार रेवाड़ी, बावल, डहीना, धारूहेड़ा, कोसली, मनेठी, नाहड़, पाल्हावास तहसील में 9 हजार 747 रजिस्ट्री हो चुकी हैं। इनमें से करीब 500 रजिस्ट्रियों के आवेदन रद्द किए गए हैं, जिनकी वजह जमीन का तकसीम न होना, मालिकाना हक सही नहीं पाया जाना, जमीन रिहायशी एरिया से बाहर होना व सेक्शन 7ए लागू होना बताया गया है। डीसी ने कहा कि वह किसी भी समय रजिस्ट्री को चैक कर सकते हैं। अगर ऑनलाइन आवेदन नामंजूर किए जाने का कोई ठोस कारण नहीं मिला तो उस मामले में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

डीसी ने जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देसवाल को निर्देश दिए कि इंतकाल, तकसीम गिरदावरी आदि मामलों का तेजी से निपटारा किया जाए। प्रतिदिन कम से कम दो मामलों का निराकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल से जिले में जनगणना का कार्य शुरू होने वाला है, इसके लिए जनगणना के खंड जल्दी बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि जनगणना के कार्य में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

#### क्रॉप सर्वे करें पूरा

डीसी ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी निशानदेही के आवेदनों का भुगतान होने के बाद इन पर तत्काल प्रभाव से कार्य शुरू कर दें। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अशोक कुमार, श्याम सुंदर, हरिकिशन व अमित उपस्थित थे।

# गर्ल्स स्कूल में हुई बुनियाद परीक्षा 1200 में से 289 विद्यार्थी रहे सफल

- अच्छे विद्यार्थी नियमित रूप से करते है पढ़ाई का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय में मिशन बुनियाद 2026-28 बैच के ओरिएंटेशन कार्यक्रम की लेवल-3 परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में 1200 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 289 विद्यार्थी सफल रहे। जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा ने बुनियाद परीक्षा में आठवीं कक्षा के सफल होने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बुनियाद और सुपर-100 प्रोग्राम अपनी कामयाबी की नई कहानी गढ़ रहे हैं। विकल्प फाउंडेशन के तत्वावधान में चलाए जा रहे कार्यक्रम के अंतर्गत सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

मिशन बुनियाद के प्रोग्राम डायरेक्टर प्रदीप सनसनवाल ने कहा कि विद्यार्थियों की पढ़ाई पर उनके अभिभावकों को पूरा ध्यान रखना चाहिए। एक अच्छे विद्यार्थी की विशेषता यह होती है कि वह स्वयं अपनी पढ़ाई का कार्य नियमित रूप से पूरा करता है। जिले में बुनियाद के पांच सेंटर चलाए जा रहे हैं। अब तक करीब 11 हजार विद्यार्थी बुनियाद व सुपर-100 में शामिल हो चुके हैं, जिनमें से 267 को इंजीनियरिंग व मेडिकल के प्रतिष्ठित संस्थान में पढ़ने का अवसर प्राप्त हुआ है। मौके पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया, डिप्टी डीईओ अरविंद यादव, डा. राजेंद्र सिंह सहित शिक्षक , अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।




रेवाड़ी। बुनियाद परीक्षा में सफल विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा दुनिया की सबसे मजबूत पार्टी : राव

# भाजयुमो के कार्यकारी जिलाध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री इंद्रजीत का किया स्वागत



रेवाड़ी। केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भाजपा युवा मोर्चा का जिला कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर सोमवार डा. सौरव यादव ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस मौके पर राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो कार्यकर्ताओं की बदौलत ही दुनिया की सबसे मजबूत पार्टी है। इस मौके पर खोरी मंडल भाजपा अध्यक्ष सरपंच नरेश यादव, भाजपा जिला सचिव दिनेश यादव, महामंत्री प्रदीप ठेकेदार, सरपंच हेमंत, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष सचिन यादव, सरपंच चेतन व जिला उपाध्यक्ष जीतू चेयरमैन मौजूद थे।

# इनेलो नेताओं ने चौ. देवीलाल को पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

- देवीलाल के प्रयासों से किसान व मजदूरों को मिली नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंडियन नेशनल लोकदल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पूर्व उप-प्रधानमंत्री जननायक स्वः चौधरी देवीलाल की 25वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बावल क्षेत्र के गांव बालावास जाट स्थित चौ. देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर इनेलो नेताओं ने कहा कि चौ. देवीलाल हमेशा गरीब, किसान और मजदूर वर्ग की आवाज बने रहे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि चौ. देवीलाल के प्रयासों से हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश में किसान और मजदूर वर्ग को नई पहचान और सम्मान मिला। शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। इनेलो पार्टी की ओर से रेवाड़ी अनाजमंडी में किसान कष्ट निवारण केंद्र भी खोला गया। मौके पर इनेलो जिला प्रधान डा. राजपाल यादव, प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट रजवंत डहिनवाल, बावल हलका प्रधान सुमेर सिंह बनीपुर, रेवाड़ी हलका प्रधान वरुण गांधी, महिला प्रधान कमला शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामकिशन छिल्लर, किसान सेल प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, एडवोकेट सतीश यादव, सुखबीर सिंह पार्षद, नरेश यादव, सुखीनंद दहिया, जसवंत, ललित नेहरा, सुरेन्द्र डूडी, जीता, पुरुषोत्तम सोनी, मनोहर लाल आदि मौजूद रहे।



रेवाड़ी। पुण्यतिथि पर चौ. देवीलाल को नमन करते हुए इनेलो कार्यकर्ता।

# डीसी ने समाधान शिविर में की जन शिकायतों की त्वरित सुनवाई

- पेंशन, पीपीपी, बिजली व पुलिस से संबंधित शिकायतों के निवारण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतों की सुनवाई की। गांव लुखी में अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत पर डीसी ने डीडीपीओ को समस्या के समाधान के निर्देश दिए। इसके अलावा गांव बेरली कलां में कुमरोधा जाने वाले रास्ते पर अवैध कब्जे व अधिकृत कॉलोनी की एनओसी नहीं जारी किए जाने सहित अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान किया गया। डीसी ने शिविर में पेंशन, परिवार पहचान पत्र, बिजली व पुलिस से संबंधित शिकायतों का निवारण करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में पीपीपी के स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायतों को सुना और मौके पर ही कई शिकायतों का समाधान कराया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा, एसडीएम सुरेश कुमार व सीटीएम जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



रेवाड़ी। आमजन की शिकायतों की सुनवाई करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

# सीजेएम ने किया नशा मुक्ति केंद्र का दौरा, रोगियों को बताए नशे के नुकसान

- रोगियों को कानूनी सहायता व डीएलएसए पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा ने सोमवार को नशा मुक्ति केंद्र का दौरा किया। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र के कार्यों की समीक्षा की। केंद्र के वोकेशनल काउंसलर ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में 7 रोगी उपस्थित हैं। उन्होंने बताया कि संदीपा काउंसलर की ओर से रोगियों की समय-समय पर काउंसलिंग की जाती है। सीजेएम वर्मा ने कहा कि रोगियों को कानूनी सहायता और डीएलएसए की सेवाओं के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के लिए निःशुल्क कानूनी सेवा मुहैया कराना व उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। सीजेएम ने सभी रोगियों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया तथा उससे होने वाले नुकसान के बारे में भी अवगत करवाया। नागरिक कानूनी सहायता के लिए उपमंडल विधिक सेवा समिति के कार्यालय में संपर्क कर सकता है। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 15100 एवं हेल्पलाइन नंबर 01274-220062 पर आम नागरिक कार्यालय समय में कानूनी जानकारी ले सकते हैं।



रेवाड़ी। नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करते सीजेएम।

# रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर में 70 युवाओं ने लिया भाग

- मुख्यातिथि ईश आर्य ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

गांव बव्वा स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति व शीतला माता मंदिर कमेटी की ओर से रक्तदान एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ हवन करके किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर भारत स्वाभिमान ट्रस्ट हरियाणा के राज्य प्रभारी ईश आर्य तथा विशिष्ट अतिथि हिमालय परिवार हरियाणा के प्रांत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा व प्रांत महामंत्री सत्यप्रकाश गौतम मौजूद थे। शिविर में 70 युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। गुरुग्राम से आई डॉक्टरों की टीम ने मरीजों के स्वास्थ्य जांच की। मुख्य अतिथि ईश आर्य ने रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शीतला माता मंदिर कमेटी के बाबूलाल, चंद्रभान, राजकुमार, सत्यवीर,भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी दयानन्द आर्य, महामंत्री श्याम सुंदर यादव, तहसील प्रभारी मनोज संगवाड़ी, तहसील प्रभारी सुरेन्द व अशोक कुमार मौजूद थे।



रेवाड़ी। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि ईश कुमार।

# शिविर में प्राप्त शिकायतों को सात दिन से अधिक लंबित न रखे अधिकारीः एसडीएम

- टूमना निवासी जयवीर ने रखी दूषित पेयजल की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि आमजन की शिकायतों का समाधान तत्परता से होना चाहिए। अधिकारी शिकायतों को सात दिन से अधिक समय तक लंबित न रखें। समाधान शिविर में सोमवार को गांव टूमना निवासी जयवीर ने गांव में दूषित पेयजल आने की शिकायत रखी। उन्होंने कहा कि पानी खराब आने की वजह से लोगों को बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। गांव सुरहेली निवासी सूबे सिंह ने बताया कि गांव की ढाणी में हर घर जल से नल स्कीम के तहत अभी तक पानी के कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। एसडीएम ने पंचायत तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को दोनों शिकायतों का निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी इस अवसर पर डीएसपी विद्यानंद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में जनसमस्याओं को सुनते हुए एसडीएम विजय कुमार यादव।

### वेयरहाउस ने 39337 क्विंटल अनाज खरीदा

# कोसली मंडी में गेहूं की भारी आवक शुरू

**मंडी में किसानों जारी किए जा चुके 3414 गेट पास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली अनाज मंडी में गेहूं की भारी आवक हो रही है। एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होने के बाद मंडी में 168189 क्विंटल गेंहू की आवक हो चुकी है। मार्केट कमेटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि मंडी में गेंहू के 3414 गेट पास जारी किए जा चुके हैं। वेयरहाउस के खरीद अधिकारी जगदीश बांगड़ ने बताया कि कोसली मंडी में अब तक 39337 क्विंटल गेंहू की खरीद हो चुकी है। अनाज मंडी से 30085 क्विंटल गेंहू का उठान भी हो चुका है। वेयरहाउस के खरीद अधिकारी ने बताया कि गेंहू में 14 से 16 प्रतिशत तक नमी आ रही है, जबकि वेयरहाउस को 12 प्रतिशत तक नमी का गेंहू खरीदने के आदेश हैं।



रेवाड़ी। कोसली अनाज मंडी में लगी गेंहू की ढेरी। फोटो :हरिभूमि

#### 7090 क्विंटल सरसों की खरीद

मार्केट कमेटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि कोसली मंडी में अब तक 7090 क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है, जोकि प्राइवेट आढ़तियों की ओर से 6210 से 6600 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदी गई है। वहीं रेवाड़ी अनाजमंडी में अभी गेहूं की एक-दो ढेरियां ही पहुंची है, जिसमें नमी ज्यादा होने के कारण सरकारी खरीद नहीं हो पाई। वहीं रेवाड़ी अनाजमंडी में करीब डेढ़ लाख क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है। ओपन में भाव ज्यादा होने के कारण हैफेड को अभी तक सरसों नहीं मिल पाई है।

Kuldeep Singh M. 9812250361
SARPANCH
GRAM PANCHAYAT
Lalpur, Block Dharuhera,
Distt. Rewari (Hr.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचापत लालपुर में डोर-टू-डोर कचरा कलैक्शन का कार्य किया जाना है। सरकार की नवीनतम हिदायतों के अनुसार कार्य करने की इच्छुक एजेंसी। फर्म अपनी क्योटेशन प्रकाशित तिथि से एक सप्ताह के अन्दर-2 बंद लिफाफे में डाक के माध्यम से निम्न पते पर भेजना सुनिश्चित करें।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत लालपुर
खण्ड धारूहेड़ा (रेवाड़ी)

केंद्रीय मंत्री ने गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के जरिए कार्यकर्ताओं में भरा जोश

# रेवाड़ी औद्योगिक व स्वास्थ्य सेवाओं का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा

## केंद्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

केंद्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल केवल सत्ता के कारण नहीं, बल्कि अपनी अंत्योदय की विचारधारा और सेवा भाव के कारण है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस का असली उत्सव तभी सार्थक होगा जब हम अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकार की नीतियों का लाभ पहुंचाएंगे। केंद्रीय मंत्री सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर आनंद नगर स्थित राजा वाटिका में गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती का मंत्र दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली के संयोजन में आयोजित समारोह में भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, जिला अध्यक्ष वंदना पोपली, विधायक लक्ष्मण यादव, कोसली विधायक अनिल यादव व बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार ने पार्टी का झंडा लगाकर स्थापना दिवस मनाया।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भाजपा के लाखों बलिदानियों और कार्यकर्ताओं को नमन किया, जिन्होंने शून्य से शिखर तक का सफर तय करने में अपना जीवन खपा दिया। उन्होंने कहा कि दक्षिण हरियाणा के विकास के लिए एम्स रेवाड़ी और रेलवे के आधुनिक प्रोजेक्ट्स मील का पत्थर साबित होंगे। आने वाले समय में यह क्षेत्र औद्योगिक और स्वास्थ्य सेवाओं का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि भाजपा केवल एक दल नहीं, बल्कि एक विचार है, जो राष्ट्रवाद से प्रेरित है। बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार और कोसली विधायक अनिल कुमार ने संगठन की शक्ति को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में पार्टी का झंडा लगाते हुए केंद्रीय मंत्री व अन्य तथा मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### तेजी से हो रहा विकासः डा. वंदना

भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि सभी पार्टी की नीतियों को हर एक गांव हर एक बस्ती तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि राव इंद्रजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले के हर बूथ पर कमल खिल रहा है। रेवाड़ी में विकास तेजी से हो रहा है। एम्स का बनना सिर्फ एक इमारत का तैयार होना नहीं है, बल्कि ये भविष्य में बच्चों के सपनों का और बुजुर्गों के स्वास्थ्य का आधार बनेगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हुकुमचंद यादव, सुनील यादव, रत्नेश बंसल, सिंहराम महलावत, पूनम यादव, कंवर सिंह, अनिल रायपुर, जिला महामंत्री हिमांशु पालीवाल, कुलदीप चौहान, दीपक अग्रवाल, महामंत्री महेश राजा व जितेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जोधपुर मंडल के मेडता रोड स्टेशन यार्ड में आरयूबी निर्माण कार्य के कारण ट्रेनें प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से जोधपुर-फुलेरा रेलखंड के मध्य स्थित मेडता रोड स्टेशन यार्ड में समपार फाटक संख्या-100 पर आरयूबी निर्माण कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर-पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ अमित सुदर्शन ने बताया कि कार्य के कारण रेलसेवाएं रद्द, आंशिक रद्द, मार्ग परिवर्तित व रेगुलेट रहेगी। गाड़ी संख्या 14891 जोधपुर-हिसार एक्सप्रेस रेलसेवा 24 मई को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 14892 हिसार-जोधपुर एक्सप्रेस रेलसेवा 25 मई को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 22977 जयपुर-जोधपुर एक्सप्रेस रेलसेवा 24 मई को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 22978 जोधपुर-जयपुर एक्सप्रेस रेलसेवा 24 मई को रद्द रहेगी।


रेवाड़ी। उत्तर-पश्चिम रेलमार्ग से गुजरती ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

### प्रारंभिक स्टेशन से रेल सेवाएं आंशिक रद्द

गाड़ी संख्या 22422 जोधपुर-दिल्ली सराय एक्सप्रेस ट्रेन 24 मई को जोधपुर के स्थान पर डेगाना से संचालित होगी। यह रेलसेवा जोधपुर-डेगाना के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14721 जोधपुर-बठिण्डा एक्सप्रेस 24 मई को जोधपुर के स्थान पर बीकानेर से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14722 अबोहर-जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन 23 मई को अबोहर से प्रस्थान करके बीकानेर तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14892 हिसार-जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन 24 मई को हिसार से प्रस्थान करके डेगाना तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 22421 दिल्ली सराय-जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन 24 मई को दिल्ली सराय से प्रस्थान करके डेगाना तक ही संचालित होगी।

### मार्ग परिवर्तित रेल सेवाएं

गाड़ी संख्या 14888 बाड़मेर-ऋषिकेश एक्सप्रेस ट्रेन 24 मई को बाड़मेर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग जोधपुर-फलौदी-लालगढ-बीकानेर होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14887 ऋषिकेश-बाड़मेर एक्सप्रेस ट्रेन 23 मई को ऋषिकेश से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग बीकानेर-लालगढ-फलौदी-जोधपुर होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14853,वाराणसी सिटी-जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन 23 मई को वाराणसी सिटी से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग फुलेरा-अजमेर-मारवाड जंक्शन-जोधपुर होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14087 दिल्ली-जैसलमेर एक्सप्रेस ट्रेन 24 मई को दिल्ली से प्रस्थान करके फुलेरा-अजमेर-मारवाड जंक्शन-जोधपुर होकर संचालित होगी। गाडी संख्या 22632 बीकानेर-मदुरै एक्सप्रेस ट्रेन 24 मई को बीकानेर से प्रस्थान करके बीकानेर-रतनगढ-चूरू-सीकर-जयपुर होकर संचालित होगी।

### रेगुलेट रेल सेवाएं

गाड़ी संख्या 15624 कामाख्या-भगत की कोठी एक्सप्रेस ट्रेन 22 मई को कामाख्या से प्रस्थान करके रतनगढ-मेडता रोड के मध्य 2 घंटे रेगुलेट रहेगी। गाड़ी संख्या 12465 इंदौर-जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन 24 मई को इंदौर से प्रस्थान करके फुलेरा-मेडता रोड के मध्य 20 मिनट रेगुलेट रहेगी। गाड़ी संख्या 22481 जोधपुर-दिल्ली सराय एक्सप्रेस ट्रेन 24 मई को जोधपुर से प्रस्थान करके जोधपुर-मेडता रोड के मध्य 30 मिनट रेगुलेट रहेगी।

## ओलावृष्टि से खराब फसलों का सर्वे करवाने को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को किसानों की समस्याओं को लेकर डीसी अभिषेक मीणा को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर यूनियन के प्रधान समय सिंह ने कहा कि पिछले दिनों बेमौसम की बरसात और ओलावृष्टि से काफी किसानों की फसल बर्बाद हो गई। फसल खराबा के गांवों में सर्वे कराकर क्षति पूर्ति पोर्टल खोलने की मांग की ताकि किसानों के नुकसान की भरपाई हो सकें। डीसी मीणा ने यूनियन को जल्द सर्वे कराने और क्षतिपूर्ति पोर्टल खुलवाने का आश्वासन दिया। प्रधान ने कहा कि रेवाड़ी अनाजमंडी में गेहूं की आवक शुरू हो गई है, लेकिन एजेंसी की ओर से गेहूं की खरीद नहीं की जा रही है, जिससे किसान परेशान है। इस मौके पर जिला महिला उप प्रधान मनीषा यादव बोड़िया कमालपुर, सविता एडवोकेट, राजकुमार एससी सेल, नाहड़ ब्लॉक के प्रधान सुरेंद्र, शहरी प्रधान कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

# बाल भवन के मंच पर रूसी नाटक 'गिरगिट' का मंचन, सामाजिक मुद्दों को किया उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा कला परिषद एवं भरतमुनि कला केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में बाल भवन में चल रहे तीन दिवसीय रंगोत्सव के समापन हो गया। नाट्य उत्सव के अंतिम दिन एंटन चेखव के रचित एवं रंगकर्मी मनोज शर्मा की ओर से निर्देशित प्रसिद्ध रूसी नाटक 'गिरगिट' का मंचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने शिरकत की, विश्वकर्मा कौशल विश्विद्यालय के युवा कल्याण विभाग के निदेशक अनिल कौशिक, वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश मस्तान, वरिष्ठ रंगकर्मी विजय शर्मा और रामचरण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। भरतमुनि कला केंद्र के अध्यक्ष रंगकर्मी मदन डागर ने अतिथियों का स्वागत किया। नाटक में दिखाया कि एक पुलिस इंस्पेक्टर गिरगिट की तरह रंग बदलकर कैसे स्वार्थ और भय के कारण सच को झूठ और झूठ को सच में बदलता है। नाटक 'गिरगिट' की कहानी एक कुत्ते के काटने के इर्द-गिर्द घूमती है। पुलिस इंस्पेक्टर कुत्ते के मालिक के रसूखदार होने या न होने के आधार पर बार-बार अपना फैसला बदलता है। भ्रष्ट अधिकारियों की ओर से आम जनता के शोषण को उजागर करता है तथा सामाजिक मुद्दों को रेखांकित करता है। अक्सर राजनीतिक बहस में नेताओं के रंग बदलने की तुलना भी गिरगिट से की जाती है। यह कहानी आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जो अधिकारियों के चाटुकारितापूर्ण रवैये को दशार्ती है।



रेवाड़ी। बाल भवन में नाटक का मंचन करते हुए कलाकार तथा कलाकारों को सम्मानित करते विधायक व अन्य अतिथि।

## खबर संक्षेप



### साक्षी को मिस और पंकज को मिला मिस्टर फेयरवेल का खिताब

**डहीना।** विवेकानंद डिग्री कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के चेयरमैन रामानंद व प्राचार्या डा. मनीषा यादव उपस्थित रही। इस मौके पर विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य तथा कविता पाठ सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मिस फेयरवेल के रूप में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा साक्षी तथा मिस्टर फेयरवेल बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र पंकज को चुना गया। संस्था के डायरेक्टर सुधीर कुमार और विवेकानंद स्कूल की प्रिंसिपल कृष्णा यादव ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



### अंबेडकर और ज्योतिबा फुले जयंती समारोह का आयोजन 12 को

**रेवाड़ी।** सोमवार को मॉडल टाउन स्थित डा. भीमराव अंबेडकर पार्क एवं लाइब्रेरी में सेवा स्तम्भ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान भगतसिंह बौद्ध ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 12 अप्रैल को अंबेडकर जयंती और ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा स्तम्भ के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष भगत सिंह बौद्ध करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मीनारायण एसडीएम फिरोजपुर झिरका शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में समाजसेवी राम अवतार सिंह यादव, दलीप सिंह कटारिया, अमित यादव पूर्व जिला पार्षद, शशि भूषण सैनी तथा निहारिका प्रवीण चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में टीआर भास्कर महासचिव प्रचार संकल्प भूमि ट्रस्ट बड़ौदा गुजरात भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट राज कुमार जलवा और राजपाल सिंह दहिया पूर्व हजरस प्रधान करेंगे। बैठक में महासचिव आचार्य कांशीराम, राजपाल सिंह दहिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रामनिवास गोठवाल कोषाध्यक्ष, एडवोकेट राजकुमार जलवा विधि सलाहकार, सतबीर गोठवाल ऑडिटर व लक्ष्मीबाई लिसाना सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### युवाओं ने चलाया अभियान, गो तस्करी पर अंकुश के लिए कानून बनाने की मांग

**रेवाड़ी।** युवाओं की ओर से ब्रास मार्केट में गोसेवा सम्मान आह्वान अभियान चलाया गया। इस मौके पर युवाओं ने गोमाता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने व पशु मेलों के नाम पर हो रही अवैध गो तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए कानून बनाने की मांग की। इनसो जिला अध्यक्ष युगल यादव ने बताया कि जिले में 27 अप्रैल से डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री तक गो रक्षा की आवाज पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। अभियान के तहत केंद्र व प्रदेश सरकार के समक्ष कई प्रमुख मांगे रखी जाएगी। गोशालाओं को मनरेगा से जोड़ा जाए ताकि गोशाला में काम करने वाले लोगों को 100 दिन का ग्वाल वेतन मनरेगा से प्राप्त हो और मनरेगा योजना से गोशालाओं में निर्माण कार्य हो सकें। सरकारी नियंत्रण में चल रहे अधिक दान प्राप्त करने वाले मंदिरों के साथ गोशाला संचालन अनिवार्य किया जाए। कंपनियों के सीएसआर फंड में से एक निश्चित राशि गोसेवा से जुड़े कार्यों के लिए खर्च करने की अनिवार्यता लागू की जाए। तथा गो-तस्करी में लिप्त अपराधियों के लिए आजीवन कठोर कारावास जैसी सजा का प्रावधान किया जाए।

## पुलिस ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले ड्रिंक एंड ड्राइव के 14 सहित 1199 वाहन चालकों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की ओर से गत सप्ताह 30 मार्च से 5 अप्रैल तक ड्रिंक एंड ड्राइव, वाहन में तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाने और लेन चेंज नियमों की अवहेलना करने वाले 1199 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस ने बीते सप्ताह ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले 14 वाहन चालकों के चालान किए। एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा ने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं,जिससे वह अपने आप को तो खतरे में डालते ही हैं साथ में सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालक के लिए भी खतरा बन जाते है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है और यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत दंडनीय अपराध है।

इसके अलावा पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण करने वाले 2 तथा लाल व नीली बत्ती लगाने पर 1 और लेन चेंज से संबंधित नियमों का उल्लघंन करने पर 1182 वाहन चालकों के चालान किए। एसपी मीणा ने कि शहर में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।


रेवाड़ी। वाहन चालक में शराब की मात्रा चैक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### आधुनिक युग में बेटियां, बेटों से किसी क्षेत्र में पीछे नहीं: नवीन



**बावल।** गांव रायपुर में जयसिंह व श्याम देवी के घर पोती के जन्म पर कुआं पूजन व भोज कर खुशियां मनाई गई। इस मौके पर महिलाओं ने मंगल गीत गाए और डीजे की धुन पर डांस किया। कन्या के पिता नवीन कुमार व मां भारती देवी ने कहा कि हर घर में एक बेटी का होना आवश्यक है, क्योंकि बेटियां ही दो परिवारों को रोशन करती है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा तभी सार्थक होगा जब घर में बेटियों का बेटों की तरह पालन पोषण होगा और लड़कों की तरह खुशी व्यक्त की जाएगी। आधुनिक युग में बेटियां, बेटों से किसी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। देश को आगे बढ़ाने मे बेटियों का अहम योगदान हैं। इस मौके पर राहुल, ध्रुव, अर्चना, टीना, उम्मेद, प्रियंका, वर्तिका, वीरेंद्र सिंह, माया देवी व सौरभ अनेक लोग मौजूद थे।

**सावधान** हैकर मोबाइल नेटवर्क को बंद कर नकली सिम के जरिए कर सकते पूरा डेटा एक्सेस

# सिम क्लोनिंग से ठगी होने का बढ़ रहा खतरा ओटीपी का दुरुपयोग कर ठग खाते कर रहे खाली

- किसी भी अनजान लिंक, कॉल या मैसेज पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वर्तमान समय में साइबर अपराधी नई-नई तकनीकों का इस्तेमाल कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं, जिनमें सिम क्लोनिंग एक गंभीर खतरा बनकर सामने आया है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने सिम क्लोनिंग के जरिये हो रहे साइबर अपराधों को लेकर आमजन को सतर्क किया है। एसपी ने बताया कि सिम क्लोनिंग में हैकर विशेष सॉफ्टवेयर या डिवाइस के माध्यम से मोबाइल सिम के आईएमएसआई और केआई नंबर को कॉपी कर लेते हैं। इसके बाद उसी नंबर की एक नकली सिम तैयार कर ली जाती है। जैसे ही नकली सिम एक्टिवेट होती है, असली मोबाइल का नेटवर्क बंद हो जाता है, जिसका पीड़ित को तुरंत पता भी नहीं चल पाता है। इसके बाद साइबर अपराधी पीड़ित के मोबाइल नंबर पर आने वाले ओटीपी, बैंक मैसेज और अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं को एक्सेस कर लेते हैं। हैकर बैंक अकाउंट में लॉग-इन कर ओटीपी के जरिए पैसे अपने खातों में ट्रांसफर कर लेते हैं, से नागरिकों को भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। उन्होंने बताया कि यदि मोबाइल में अचानक नेटवर्क बंद हो जाए, कॉल-मैसेज आना बंद हो जाए या सिम नो-सर्विस दिखाने लगे, तो इसे हल्के में न लें, यह सिम क्लोनिंग का संकेत हो सकता है।


रेवाड़ी। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

### ये सावधानियां अपनाकर ठगी से बचें

किसी भी अनजान लिंक, कॉल या मैसेज पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। मोबाइल नंबर को आधार, बैंक या अन्य सेवाओं से जोड़ते समय सावधानी बरतें। सिम से संबंधित किसी भी समस्या पर तुरंत अपने मोबाइल ऑपरेटर से संपर्क करें। बैंकिंग सेवाओं के लिए मजबूत पासवर्ड व टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें। मोबाइल में संदिग्ध एप्स इंस्टॉल करने से बचें। ओटीपी, पिन या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें।

### इन संकेतों से रहे सतर्क

मोबाइल नेटवर्क का अचानक बंद हो जाना, बिना कारण कॉल-मैसेज आना बंद होना, बैंक अकाउंट से अनजान ट्रांजेक्शन होना, सिम का नो-सर्विस या इमरजेंसी कॉल ओनली दिखाना हो तो सतर्क हो जाए। एसपी ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को इस प्रकार की साइबर गतिविधि का संदेह हो या वह इसका शिकार हो जाए, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर शिकायत दर्ज करें। उन्होंने कहा कि आमजन सतर्क रहकर अपनी व्यक्तिगत व बैंकिंग जानकारी को सुरक्षित रखें।

# एआईयू के राष्ट्रीय कव्वाली महोत्सव में आईजीयू के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के छात्रों ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते करते हुए विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज यानि एआईयू की ओर से मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी हैदराबाद में आयोजित 8वें राष्ट्रीय कव्वाली महोत्सव में आईजीयू की टीम ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच शानदार प्रस्तुति देते हुए तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। महोत्सव में देशभर के प्रमुख विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया, जहां प्रतिभागियों ने अपनी कला, सुर और ताल के माध्यम से दर्शकों और निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. करण सिंह ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि विवि के छात्र लगातार राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कठिन और उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय की टीम का तीसरा स्थान प्राप्त करना उनकी मेहनत, लगन और सामूहिक समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा किया कि कुलपति प्रो. असीम मिगलानी और रजिस्ट्रार प्रो. दिलबाग सिंह के मार्गदर्शन में छात्र कल्याण विभाग विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।


रेवाड़ी। हैदराबाद में आईजीयू की टीम को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### चेन्नई में आयोजित हुआ राष्ट्रीय युवा महोत्सव

निदेशक छात्र कल्याण प्रो. अदिति शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र लगातार राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भी विवि की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फोक डांस एवं माइम प्रतियोगिताओं में कांस्य पदक प्राप्त किया था। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी छात्र इसी प्रकार विवि का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे।